सम्मेलन

## विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा - समाज की परंपराएं हमारी पहचान

# चिखलाबांध में गोंडी धर्म व साहित्य सम्मेलन का आयोजन



**नवभारत, बालाघाट।** ग्राम चिखलाबांध (पोलवतुर टोला) में प्रकृति शक्ति बड़ा देव पूजन एवं गोंडी धर्म व गोंडी साहित्य सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी विशेष रूप से शामिल हुए और समाजजनों के साथ बड़ा देव की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और प्रगति की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान गोंडवाना समाज की समृद्ध परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और गोंडी साहित्य की महत्ता पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की पहचान और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्मेलन के माध्यम से समाजजनों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और धर्म से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर भुवनलाल कुराम, नेतलाल रामटेके, दीपक ऐडे, तेजलाल चौधरी, पुष्पेंद्र देशमुख, शुभम उईके, नंदकिशोर भलावी, सालिकराम सरोते, ओमकार खडाते, समारूलाल उईके, रामसिंह वरकड़े, उमनसिंह उईके, रमेश उईके, सुखराम इनवाती, सुन्नूलाल सिरसाम, सुरेश खणाते, सुनील उईके, विजय उईके सहित आयोजन समिति के सदस्य, अतिथि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### गोंडवाना समाज की परंपरा हमारी धरोहर : पारधी

इस अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि गोंडवाना समाज की सांस्कृतिक विरासत, परंपराएं और गोंडी साहित्य हमारी अमूल्य धरोहर हैं। इन परंपराओं को संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं और युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। विधायक पारधी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति एवं समस्त समाजजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# परसवाड़ा के ग्राम धुर्वा में नशामुक्ति अभियान



**नवभारत, परसवाड़ा।** नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जिसकी वजह से इंसान की समाज में मान प्रतिष्ठा सब कुछ नष्ट हो जाती है। जिस परिवार का मुखिया नशा करता है तो उसकी सजा उसका पूरा परिवार भोगता है। नशा करता एक है,लेकिन उसका दंश पूरे परिवार को झेलना पड़ता है। उक्ताशय की बातें ग्राम धुर्वा में नशामुक्ति अभियान के दौरान कही गई।

उल्लेखनीय है कि पुलिस थाना परसवाड़ा के समीपस्थ ग्राम धुर्वा में स्थानीय जनों के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत एक वृहद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ग्राम के मन्दिर प्रांगण से स्कूलटोला तक सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं और पुरूषों के द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसमें नशे के विरुद्ध गुंजायमान नारों के साथ जागरूकता का संदेश दिया गया। तत्पष्चात ग्राम के मन्दिर प्रांगण में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमे उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनियों के द्वारा कहा गया कि आज हमारा समाज जिस गरीबी और अशिक्षा के दौर से गुजर रहा है, उसका बहुत बड़ा कारण नशा है। शराब के अत्यधिक सेवन से हमारा समाज विकास की मुख्यधारा से बहुत पीछे चला गया है, जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी, तब तक समाज विकास नहीं कर सकता। समाज को नशा मुक्त करने में न केवल महिलाओं को बल्कि पुरुषों को भी खुलकर सामने आने की जरूरत है। नशा मुक्त समाज बनाने के लिये शिक्षा भी जरूरी है, जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक ऐसी बुराईयां हमारा पीछा नहीं छोड़ने वाली। इसलिये समस्त ग्रामीण जनो से आहवान है कि ऐसी बुराईयों से हम एक साथ मिल जुलकर लड़े। सरकार अपने तरफ से हर सम्भव कोशिश कर रही है, कि गरीब परीवारों का जीवनस्तर उठायें, इसके लिये सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाऐं चला रही है, अनेकानेक रोजगार योजनाएं संचालित है, खेती किसानी के लिये विशेष अनुदान और छूट दी जा रही है, और भी अनेक योजनांए है, परन्तू हम नशे में धुत रहकर अपना सारा जीवन बर्बाद कर रहे है । कार्यक्रम के अंत में समाज और गांव को सभी प्रकार के नशा से मुक्त करने का संकल्प लिया गया।

उक्त नषा मुक्ति कार्यक्रम में ग्राम के जनप्रतिनिधियों सहित महिला पुरुषों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए आयोजन को सफल बनाया।

## जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन की बैठक आयोजित

**बालाघाट।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में 11 मार्च को जिला पंचायत सभागृह में जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के समस्त समितियों के सभापति एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ सहित ग्रामीण विकास से जुडे विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे उठाए गए तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले के अस्पतालों की स्थिति की जानकारी ली गई। इस दौरान कटंगी और लालबर्रा में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी चर्चा हुई और संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एमपीआरडीसी द्वारा विभागीय सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई।




# जल महोत्सव में पंप ऑपरेटर व प्लंबर का सम्मान, एफटीके किट से जल परीक्षण

**नवभारत, बैहर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 11 मार्च को बिरसा विकासखंड के ग्राम हर्राभाट एवं ग्राम पंचायत माटे के ग्राम बड़गांव में 'जल महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा जल प्रबंधन से जुड़े कर्मियों का सम्मान करना रहा।

ग्राम हर्राभाट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने वाले पंप ऑपरेटर का सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए जल व्यवस्था को बनाए रखने में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं ग्राम पंचायत माटे के अंतर्गत ग्राम बड़गांव में जल महोत्सव के अवसर पर फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से पानी की गुणवत्ता की जांच का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्लंबर दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम के प्लंबर का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों को बताया गया कि एफटीके किट की मदद से पानी की गुणवत्ता की जांच कर जलजनित बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# महिला कांग्रेस ने उत्साह के साथ मनाया होली मिलन समारोह




**नवभारत, बालाघाट।** रंगों और आपसी सद्भाव के पर्व होली के अवसर पर शहर के हनुमान चौक स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में महिला कांग्रेस द्वारा एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर की महिला कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा कार्यालय परिसर फागुनी रंगत और हर्षोल्लास से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे और महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष, समस्त स्थानीय महिला कांग्रेस नेत्रियों के नेतृत्व में हुआ। समारोह के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को पारंपरिक तरीके से गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह आपसी भेदभाव मिटाकर एकजुट होने और समाज में प्रेम व भाईचारे का संदेश फैलाने का माध्यम है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित इस मिलन समारोह ने राजनीतिक व्यस्तताओं के बीच कार्यकर्ताओं को एक साथ आकर खुशियां साझा करने का अवसर प्रदान किया।

समारोह में होली के गीतों और फाग पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के माध्यम से लोक संस्कृति की झलक भी पेश की। कार्यक्रम के दौरान जलपान की भी व्यवस्था की गई थी, जहाँ सभी ने विभिन्न व्यंजनों का आनंद लेते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। होली की मस्ती के बीच राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर भी चर्चा हुई। महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने जोर दिया कि इस तरह के आयोजनों से संगठन में सक्रियता और एकजुटता बढ़ती है। आगामी चुनौतियों और सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का संकल्प भी दोहराया गया। वरिष्ठ नेताओं ने महिला कार्यकर्ताओं की ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा कि आधी आबादी की यह शक्ति ही पार्टी की असली ताकत है।

इस गरिमामय कार्यक्रम में बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री लक्ष्मी वाघाडे, महिला प्रदेश सचिव श्रीमती उषा मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रुक्मणि माहुले,पूर्व जनपद सदस्य रंजना चौहान, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री अंजू जायसवाल,महिला शहर अध्यक्ष श्रीमती शानू रॉय, महिला कांग्रेस नेत्री जुबैदा अंसारी,विधायक प्रतिनिधि श्रीमती विद्या परिहार,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चेतना अजय कुर्राहे,जिला पंचायत सदस्य मीरा सिंगनधुपे, संदेश सैय्याम, मधु गजभिए, महिला नेत्री सुमन केवलानी सहित वरिष्ठ महिला कांग्रेस पदाधिकारी,महिला कांग्रेस की ब्लॉक और जिला स्तर की कार्यकारिणी सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। हनुमान चौक पर स्थित कार्यालय में हुए इस आयोजन ने न केवल होली का रंग जमाया, बल्कि बालाघाट में कांग्रेस की सक्रियता और महिला शक्ति के सामंजस्य को भी बखूबी प्रदर्शित किया।



# ट्रक की चपेट में आए मोटरसाईकिल सवार की घटनास्थल पर मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**नवभारत, लालबर्रा।** नेवरगांव-लामता मार्ग पर जाम के पास 11 मार्च बुधवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, और दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो व्यक्ति सोहन लाल गौतम निवासी खाली आयु 52 वर्ष व साल्हे निवासी 55 वर्षीय राजमिस्त्री का कार्य करते थे 11 मार्च सुबह करीब 11 बजे किसी काम से ग्राम बहेगांव जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में उनकी मोटर साइकिल आ जाने से हादसा हुआ जिसमें एक व्यक्ति 55 वर्षीय साल्हे निवासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे व्यक्ति सोहन लाल गौतम को गंभीर हालत में 108 एम्बुलेंस की मदद से समाधान अस्पताल पहुंचाया गया ।

घटना पश्चात भारी भीड़ को देखकर सूचना पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) वारासिवनी अनुराग चौधरी व लालबर्रा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर लोगो को समझाईश देकर द ट्रक को अपनी अभिरक्षा में ले साल्हे निवासी मृतक व्यक्ति के शव को पंचनामा पश्चात पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया ।

# भारतीय ज्ञान परम्परा और आधुनिक जीव विज्ञान पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी आयोजित




**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में 11 एवं 12 मार्च 2026 को उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन भोपाल तथा आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ, प्राणीशास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'भारतीय ज्ञान परम्परा और आधुनिक जीव विज्ञान को जोड़ने वाली अंत:विषय अनुसंधान विधियां' रहा।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष मौसम हरिनखेड़े द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का पौधे एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने स्वागत भाषण में भारतीय ज्ञान परम्परा और आधुनिक जीव विज्ञान के समन्वय तथा अंत:विषयक अनुसंधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. बी.के. ब्रम्हे ने संगोष्ठी की रूपरेखा तथा डॉ. एम.एस. मरकाम ने संगोष्ठी के उद्देश्यों की जानकारी दी। प्रथम तकनीकी सत्र में प्रो. सतीष चिले (सेवानिवृत्त प्राचार्य, शासकीय पी.जी. महाविद्यालय सिवनी) ने भारतीय प्राचीन ज्ञान को आधुनिक जीव विज्ञान से जोड़ते हुए नए अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया तथा औषधीय पौधों और प्राकृतिक फंगस की उपयोगिता पर जानकारी दी। द्वितीय तकनीकी सत्र में प्रो. डी.के. कापगते (जे.एम. पटेल कॉलेज भंडारा) ने मध्य भारत में जुरासिक एवं क्रिटेशियस काल की जैव विविधता और जीवाश्मों पर व्याख्यान दिया। वहीं सरदार पटेल विश्वविद्यालय से आए डॉ. सम्पत घोष ने भारतीय ज्ञान परम्परा, मधुमक्खियों की प्रजातियों तथा शहद के औषधीय गुणों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. तेजेन्द्र सिंह शिव ने किया तथा अंत में डॉ. भूपेन्द्र कुमार ब्रम्हे ने आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वारासिवनी एसडीएम ने 17 कालोनाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया

## अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय का मामला

### 8 कॉलोनाईजर पर 50-50 हजार रुपए एवं 9 कालोनाईजर पर 1-1 लाख रुपए का लगाया जुर्माना

**नवभारत, बालाघाट।** वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल ने नियम विरूद्ध अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किये जाने के मामले में 17 कालोनाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनके द्वारा तैयार की जा रही कालोनी का प्रबंधन मध्यप्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 61 एवं मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत नियम 2014 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा ले लिया जाए। इन कालोनाईजर्स को 10 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

एसडीएम श्री जायसवाल ने 08 कालोनाईजर पर 50-50 हजार रुपए एवं 09 कालोनाईजर पर 01-01 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है और 10 दिनों के भीतर यह राशि चालान के माध्यम से जमा कर एसडीएम कोर्ट में चालान की प्रति जमा करने कहा गया है। इन कालोनाईजर द्वारा छोटे-छोटे भूखंड विक्रय किये जाने पर तत्काल रोक लगायी गई है। तहसीलदार वारासिवनी एवं लालबर्रा को निर्देशित किया गया है कि इन कालोनाईजर्स द्वारा ग्राम वारा एवं कनकी में भूखंड विक्रय की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल एसडीएम कोर्ट को सूचित करें।




अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के मामले में कालोनाईजर वारासिवनी निवासी घनश्याम वल्द जोशीलाल व रोहित पुरी वल्द रेवेंद्र पुरी, नितिन वल्द बिहारीलाल बोपचे, संदेश मिश्रा, अभिनंदन पिता निर्मल कोचर व निर्मल पिता ज्ञानचंद कोचर, बालाघाट निवासी संजय पिता धरमचंद बोथरा व मनीष सोनी पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इन कालोनाईजर द्वारा वारासिवनी तहसील के ग्राम वारा में अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किये जा रहे थे।

इसी प्रकार कालोनाईजर वारासिवनी निवासी श्रीमती भारती पति नारायण कोलानी, लालबर्रा तहसील के ग्राम जाम निवासी सुरेंद्र पिता बेनीराम बलोने व वारासिवनी निवासी मनीष पिता सत?यनारायण सोनी, निर्मल पिता ज्ञानचंद कोचर व नमन पिता निर्मल कोचर, संजय सिंह पिता गुरुदेव सिंह, बालाघाट निवासी मनीष सोनी पर ग्राम पंचायत क्षेत्र वारा में अवैध रूप से प?लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के कारण 01-01 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बालाघाट निवासी ऋषभ कुमार वल?द पदमचंद जैन व गर्रा निवासी श्रीमती हिमानी पति सुनील हनवत द्वारा लालबर्रा तहसील के ग्राम कनकी में अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के कारण उन पर 01 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

इन सभी कालोनाईजर्स के भूखंड विक्रय पर एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल द्वारा रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही इन कालोनाईजर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क?यों न उनके द्वारा तैयार की जा रही कालोनी का प्रबंधन सक्षम प्राधिकारी द्वारा ले लिया जाए। इन कालोनाईजर्स को 10 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए किसानों को एआई बॉट कॉल, ओटीपी या बैंक जानकारी नहीं दें

**बालाघाट।** प्रदेश में किसानों की फसलों की सटीक जानकारी प्राप्त करने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कार्यालय आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत प्रदेश के लगभग एक करोड़ किसानों को डिजिटल क्रॉप सर्वे की जानकारी देने के लिए एआई बॉट (द्ब क्क्ष्ठ) कॉल के माध्यम से मोबाइल फोन पर संपर्क किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत किसानों को मोबाइल कॉल के साथ-साथ एसएमएस के माध्यम से भी उनकी दर्ज फसल की जानकारी भेजी जा रही है, ताकि वे अपने खेत में बोई गई फसल की पुष्टि कर सकें। इससे फसल संबंधी आंकड़ों को डिजिटल रूप से अपडेट करने में सुविधा होगी।

समस्या

## घरेलू गैस उपयोग करने की मांगी छूट

# कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत से व्यापारी परेशान



**जबलपुर, नवभारत।** शॉर्ट सप्लाई के कारण पहले तो तेल कंपनियों ने एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी, वहीअब कमर्शियल गैस सिलेंडर की डिलीवरी पर भी बैन लगा दिया है। जिस को लेकर व्यापारियों, होटल, ढाबे संचालकों और कैटरिंग एंड टेंट एसोसिएशन ने कड़ा अक्रोश जताया है। खाद्य व्यापार से जुड़े लोगों की मानें तोसरकार द्वारा कमर्शियल सिलेंडर पर रोक लगाना गलत है। कमर्शियल गैस सिलेंडर पर बैन नहीं लगाना चाहिए। बल्कि इसके लिए सरकार को वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया कराना चाहिए या फिर घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमालकरने की इजाजत देनी चाहिए। अकेले जबलपुर में 14 मार्च को सेकडों शादियों के ऑर्डर हैं।

### नियम में हुआ था बदलाव

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की रीफिल बुकिंग के नियमों में बदलाव किया था अब उपभोक्ता एक सिलेंडर बुक करनेके बाद दूसरा सिलेंडर 21 दिन के बजाय 25 दिन बाद ही बुक कर सकेंगे। यानि सरकार ने रीफिल बुकिंग केमिनिमम वेटिंग पीरियड को 4 दिन के लिए बढ़ा दिया है। मालूम हो कि मिडिल ईस्ट तनाव के बीच यह कदम गैसकी जमाखोरी रोकने और सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए उठाया है। सूत्रों केमुताबिक, पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा था कि जरूरत न होने पर भी लोग सिलेंडर बुक करके स्टॉक कररहे थे। वेटिंग पीरियड को 25 दिन करने से बेवजह की बुकिंग पर लगाम लगेगी। इससे उन लोगों को आसानी सेसिलेंडर मिल सकेगा, जिन्हें वाकई जरूरत है।

# खैरलांजी कॉलेज की एनएसएस इकाई का विशेष शिविर प्रारंभ



**नवभारत, बालाघाट।** वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय, खैरलांजी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 11 मार्च से 17 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत घुबड़गोदी में किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ बुधवार को घुबड़गोदी ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद श्री विश्वेश्वर भगत, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश कटरे, सरपंच संतोषी सुनील राऊत, उपसरपंच सुरेंद्र भगत तथा सचिव विजय सुखदेवे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री के.एल. हिवारे ने की। अतिथियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और युवाओं की समाज सेवा में भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

शिविर के दौरान डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, आत्मनिर्भर भारत, योग जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, बाल संरक्षण, यातायात सुरक्षा, नशा मुक्ति तथा स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर प्रतिदिन बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर में कार्यक्रम प्रभारी श्री आर.के. पांडेय, शालिनी मेश्राम, वीरेंद्र पटले, विक्रांत रंधावा, शिखा डहरवाल, आकाश, सुनील सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं एनएसएस इकाई के 44 स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।